कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर।

अजय कुमार सिंह, (बि०शि०से०)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,

मोबाईल न०–8544411
मुजफ्फरपुर–842001
deomuzaffarpur.edn@gmail.com

पत्रांक................................/मुजफ्फरपुर, दिनांक ....

सेवा में,

जिले के सभी राजकीय/राजकीयकृत/ प्रोजेक्ट/अल्पसंख्यक/
स्थापना अनुमति प्राप्त/निजी/पब्लिक/उत्क्रमित उच्च मध्य व उच्च माध्यमिक
विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका, मुजफ्फरपुर।

विषय :– जिलास्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल–विज्ञान कॉंग्रेस–2023 का आयोजन के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के पत्रांक–1050 दिनांक 25.05.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31वीं जिलास्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस, 2023 का आयोजन 09 अक्टूबर 2023 को स्थानीय द्वारकानाथ +2 विद्यालय, गोला, मुजफ्फरपुर में होना है। इस वर्ष का मुख्य विषय है " स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना (Under Standing Ecco system for health and well beings) एक परियोजना में 02 बाल वैज्ञानिकों की टीम होगी, लेकिन परियोजना प्रस्तुतीकरण टीम लीडर ही करेंगे। परियोजना तैयार करने में आवश्यकतानुसार जिला समन्वयक डॉ. फुलगेन पूर्वे (मो०–9931209680) एवं स्रोत शिक्षक प्रो० एन० पी० राय (मो०–9162001616) से विचार विनिमय कर सकते है। परियोजना तैयार करने में छात्र कोष से 500/–(पांच सौ) रुपये की राशि खर्च की जा सकती है। निबंधन शुल्क के रूप में प्रतिभागी विद्यालय 100/– (एक सौ) रुपये मात्र जिलास्तरीय आयोजन स्थल पर जमा करेंगे। निबंधन शुल्क जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतिभागी छात्र एवं मार्गदर्शक शिक्षक का मार्ग व्यय विद्यालय छात्र कोष से देय होगा।

जिलास्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस, 2023 उक्त अंकित तिथि को 10 बजे पूर्वाहन से द्वारकानाथ +2 विद्यालय, गोला, मुजफ्फरपुर में होगा।

अतः अनुरोध है कि परियोजना के मार्गदर्शक शिक्षक परियोजना प्रस्तुतकीरण के लिए अपने–अपने टीम लीडर को ही लेकर द्वारकानाथ +2 विद्यालय, गोला, मुजफ्फरपुर में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। लिखित परियोजना के मूल्यांकन हेतु परियोजना रिर्पोट सारांश लॉग–बुक की छायाप्रति डा. फुलगेन पूर्वे, जिला समन्वयक या श्री उदय कुमार मिश्र, विज्ञान शिक्षक, द्वारकानाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुजफ्फरपुर के पास दिनांक 05.10.2023 तक जमा करें।

विश्वासभाजन

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक 2061/ मुजफ्फरपुर, दिनांक 25.09.23/

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, चैपमैन बालिका उ०मा०वि० मुजफ्फरपुर, जिला समन्वयक डॉ. फूलगेन पूर्वे एवं जिला संयुक्त समन्वयक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाई प्रेषित/व्यवस्था के साथ अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।